NYC Health

# न्यूयॉर्क सिटी Green Carts के बारे में सामान्य जानकारी

न्यूयॉर्क सिटी (NYC) Green Carts फूड कार्ट्स और ट्रक्स हैं जो आस-पास के उन इलाकों में ताज़े फल और सब्ज़ियाँ और अन्य स्वस्थ भोजन लेकर आते हैं जहाँ ताज़ी चीज़ों का अभाव है। Green Cart वेंडर्स के पास न्यू यॉर्क सिटी स्वास्थ्य और मानसिक आरोग्यता विभाग (स्वास्थ्य विभाग) का मोबाइल फूड वेंडिंग लाइसेंस, और कार्ट या ट्रक ऑपरेटर्स के पास स्वास्थ्य विभाग का Green Cart (ताज़े फल और सब्ज़ियाँ) परमिट होना चाहिए।

### एक Green Cart कौन से खाद्य पदार्थ पेश कर सकता है?

Green Carts साबुत, बिना कटे कच्चे फल और सब्ज़ियाँ पेश करते हैं जैसे साबुत गाजरें, केले, सेब और बेरी; बोतलबंद पीने का पानी; सादे नट्स; और यदि फूड कार्ट या ट्रक में भोजन को ठंडा और पहले से पैक करके रखने के लिए उपकरण हैं तो स्लाइस किए गए या कटे हुए फल और सब्ज़ियाँ। Green Carts क्या बेच सकते हैं, इस बारे में अधिक जानकारी के लिए, **nyc.gov/greencarts** पर जाएं।

### एक Green Cart कहाँ चल सकता है?

Green Carts निर्धारित पुलिस परिसरों में चल सकते हैं। और जानने के लिए **nyc.gov/greencarts** पर जाएं।

### कितने Green Cart परमिट मौजूद हैं?

NYC ने 1,000 Green Cart परमिट उपलब्ध कराएं हैं: Brooklyn के लिए 350, Bronx के लिए 350, Manhattanके लिए 150, Queens के लिए 100 और Staten Island के लिए 50।

### एक Green Cart परमिट लेने में कितना खर्च आता है?

- शुरुआती खर्च: Green Cart परमिट के लिए आवेदन करने के लिए, आपके पास एक मान्य मोबाइल फूड वेंडिंग लाइसेंस होना ज़रूरी है। यदि आपके पास पहले से लाइसेंस नहीं है, आपको मोबाइल वेंडर्स के लिए खाद्य सुरक्षा कोर्स के लिए $53 और लाइसेंस के लिए $50 का भुगतान करना होगा, जो दो साल के लिए मान्य होगा। यदि आपको एक Green Cart परमिट पेश किया जाता है, तो परमिट के लिए $75 का खर्च आता है और वह दो साल के लिए मान्य है।
- रिन्यू करने का खर्च: हर दो साल बाद आपका लाइसेंस रिन्यू करने में $50 का खर्च आता है, और उसके साथ-साथ टैक्स भुगतान के लिए $10 शुल्क लिया जाता है। हर दो साल बाद आपका परमिट रिन्यू करने में $50 का खर्च आता है।
- न्यूयॉर्क स्टेट पेडलर्स सर्टिफिकेट वाले सेवानिवृत्त अमेरिकी सैनिक, या इस सर्टिफिकेट धारक सेवानिवृत्त सैनिक के पति/पत्नी या घरेलू साथी के लिए लाइसेंस और परमिट के लिए शुल्क माफ किया जाता है।

## मुझे मोबाइल फूड वेंडिंग लाइसेंस कैसे मिल सकता है?

**311** पर कॉल करें और "Mobile Food Vendor License Application" (मोबाइल फूड वेंडर लाइसेंस के लिए आवेदन) के बारे में पूछें या **www1.nyc.gov/nycbusiness/description/mobile-food-vending-license पर जाएं।**

## मैं Green Cart परमिट के लिए आवेदन कैसे कर सकता/सकती हूँ?

Green Cart परमिट प्रतीक्षा सूची वाले लोगों को Green Cart परमिट्स जारी किए जाते हैं। हर बरो के लिए एक प्रतीक्षा सूची है। मौजूदा सूची पूरी होने के बाद नई प्रतीक्षा सूची बनाई जाती है। खुली प्रतीक्षा सूची अवधि के दौरान आप Green Cart परमिट प्रतीक्षा सूचियों में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकते हैं। खुली प्रतीक्षा सूची अवधि कब होती है, इस बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए, **nyc.gov/greencarts** पर जाएं।

## मेरे द्वारा अपना प्रतीक्षा सूची आवेदन फ़ॉर्म जमा करने के बाद क्या होगा?

स्वास्थ्य विभाग प्राथमिकता समूहों और एक लॉटरी सिस्टम के आधार पर हर बरो के लिए आवदेकों की प्रतीक्षा सूची तैयार करेगा। स्वास्थ्य विभाग आपकी प्रतीक्षा सूची संख्या के साथ आपको डाक द्वारा एक पोस्टकार्ड भेजेगा और किसी बरो-विशिष्ट प्रतीक्षा सूची में से आपके चुने जाने पर आपको परमिट का आवेदन भेजेगा।

प्रतीक्षा सूची में स्थिति के लिए प्राथमिकता एक पॉइंट सिस्टम पर आधारित होती है। असमर्थताओं वाले आवेदकों, असमर्थताओं वाले या उनके बिना सेवानिवृत्त अमेरिकी सैनिकों और उन आवेदकों को ज़्यादा पॉइंट्स प्रदान किए जाते हैं जो पहले से स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल फूड परमिट प्रतीक्षा सूचियों में शामिल हैं। हर प्राथमिकता समूह के भीतर आवेदनों को बेतरतीब ढंग से प्रतीक्षा सूची में संख्या असाइन की जाती है। आपको परमिट के लिए आवदेन के बारे में सूचित करने पर यदि आप अपने प्राथमिकता समूह का प्रमाण दिखाने में असमर्थ हैं, तो आपके द्वारा चुनी गई सभी बरोज़ के लिए आपका प्रतीक्षा सूची आवेदन खारिज कर दिया जाएगा और प्रतीक्षा सूचियाँ फिर से खुलने के बाद आपको फिर से आवेदन करना होगा।

## मैं देख रहा हूँ कि कुछ बरोज़ में दूसरों के मुकाबले ज़्यादा Green Cart परमिट हैं। यदि मैं एक से ज़्यादा बरो का चुनाव करता/करती हूँ तो क्या मेरी संभावना बेहतर होगी?

परमिट के लिए आवेदन करने के लिए चुने जाने की आपकी संभावना इस पर निर्भर करती है कि कितने आवेदक हैं, आपका प्राथमिकता समूह कौन सा है और क्या आप ज़्यादा बरोज़ में संचालन करना चाहते हैं। जब आप प्रतीक्षा सूची में शामिल होने के लिए आवेदन करें, तो वे सभी बरोज़ चुनें जहाँ आप एक Green Cart का संचालन करना चाहते हैं। यदि आप केवल एक बरो में संचालन करना चाहते हैं, तो आपको केवल एक का चुनाव करना चाहिए।

## यदि मैं Green Cart प्रतीक्षा सूचियों के लिए आवेदन करता/करती हूँ, तो क्या आप मेरा नाम अन्य मोबाइल फूड वेंडिंग परमिट प्रतीक्षा सूचियों से हटा देंगे?

नहीं। अन्य प्रकार के मोबाइल फूड वेंडिंग परमिट्स और Green Cart परमिट्स के लिए प्रतीक्षा सूचियाँ अलग हैं। Green Cart परमिट के लिए प्रतीक्षा सूची में शामिल होने के लिए आवेदन करना किसी अन्य मोबाइल फूड वेंडिंग परमिट प्रतीक्षा सूची में आपकी स्थिति या अवस्था को प्रभावित नहीं करेगा।

**यदि मेरे पास पहले से मोबाइल फूड वेंडिंग परमिट है, तो क्या मुझे Green Cart परमिट भी मिल सकता है?**
आपके पास एक समय में केवल एक मोबाइल फूड वेंडिंग परमिट हो सकता है। यदि आप आवेदन करते हैं और Green Cart परमिट के लिए चुने जाते हैं और आप वह परमिट स्वीकार करते हैं, तो आपको अपना अन्य मोबाइल फूड वेंडिंग परमिट लौटाना होगा।

**मुझे Green Cart कैसे मिल सकता है?**
आपको स्वयं अपना कार्ट खरीदना होगा और इससे पहले कि आप अपना कार्ट चला सकें स्वास्थ्य विभाग को उसका निरीक्षण करके उसे मंज़ूर करना होगा। स्वीकृत कार्ट निर्माताओं की सूची ढूँढने के लिए **nyc.gov/greencarts** पर जाएं।